Ans. (b) जयपुर का पहला रेगिस्तानी (डेजर्ट) पार्क की स्थापना जयपुर के किशन बाग में किया गया है। यह अपने तरह का एक अनोखा पार्क होगा।

611. निम्नलिखित में से कौन सा (वन्यजीव अभयारण्य-जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है?

(a) बस्सी-चित्तौड़गढ़
(b) बन्ध बारेठा-अलवर
(c) टॉडगढ़ रावली-पाली, अजमेर और राजसमन्द
(d) फुलवारी की नाल-उदयपुर

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है।

वन्यजीव अभ्यारण्य	जिला/जिले
(a) बस्सी	चित्तौड़गढ़
(b) बन्ध बारेठा	भरतपुर
(c) टाँडगढ़ रावली	पाली, अजमेर और राजसमन्द
(d) फूलवारी की नाल	उदयपुर

612. निम्नलिखित में से कौन सा अभ्यारण्य 'जंगली मुर्गे' के लिए प्रसिद्ध है?

(a) कनकसागर (b) माउण्ट आबू
(c) सीतामाता (d) ताल छापर

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (b) माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण्य जंगली मुर्गे के लिए प्रसिद्ध है। माउंट अबू वन्य जीव अभ्यारण्य राजस्थान के सिरोही जिले में माउंट आबू की पर्वतमालाओं में स्थित है। इस अभ्यारण्य की स्थापना 1960 में की गई थी।

613. राजस्थान का प्रथम पारिस्थितिकी मित्र संभाग कौन सा है?

(a) उदयपुर (b) माउण्ट आबू
(c) बाँसवाड़ा (d) डूंगरपुर

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (b) राजस्थान का प्रथम परिस्थितिकी मित्र संभाग माउंट आबू है। माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण अरावली पर्वत में स्थित है। वर्ष 1960 में इस क्षेत्र को वन्य जीव अभ्यारण के रूप में नामित किया गया था। माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण पौधों के 112 परिवारों, 449 प्रजातियों का घर है। इसकी लम्बाई 7–8 किमी. तथा चौड़ाई 300 से 1722 मीटर है। यहाँ विभिन्न प्रकार के जानवर जैसे, तेंदुआ, सांभर, चिंकारा, लंगूर, सुस्त भालू, जंगली सुअर पाये जाते हैं।

614. निम्नलिखित में से कौन-साकेर व थोर का पसंदीदा प्राकृतिक निवास क्षेत्र है?

(a) पर्वतीय व वर्षा क्षेत्र (b) रेतीले मैदान
(c) जलीय (d) जमाव क्षेत्र

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (b) साकेर व थोर्न मरूद्भिद प्रकार की प्राकृतिक वनस्पतियाँ हैं, जो मुख्यतः रेतीली मैदानों में पायी जाती है। 'थोर्न' रेगिस्तानी क्षेत्र के ऊँटों का प्रमुख भोजन है, जिन्हें सिर्फ ऊँट ही खाते हैं। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की प्राकृतिक वनस्पतियों में खेजड़ी, कैक्टस, सेवण घास इत्यादि आते हैं।

615. बस्सी वन्यजीव अभयारण्य राजस्थानके निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(a) टोंक (b) जयपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) जालौर

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) बस्सी वन्य जीव अभ्यारण्य विन्ध्याचल श्रेणी के 'चितौड़गढ़' जिले में लगभग 50 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर फैला हुआ है। जिसमें मुख्यतः चीता, हिरण, जंगली सूअर व नेवले पाये जाते हैं।

616. अरावली प्रदेश में पारिस्थितिकी संकट के कारण है-

(I) वनोन्मूलन (II) भूमि अवकर्षण
(III) जल प्रदूषण (IV) खनिज खनन

सही विकल्प को चुनिये-

(a) I, II और III
(b) III और IV
(c) II,III और IV
(d) I, II और IV

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) अरावली प्रदेश में पारिस्थितिकी संकट के प्रमुख कारण भूमि का अवकर्षण, वनोन्मूलन एवं खनिज खनन है। अरावली प्रदेश राजस्थान का एक विशिष्ट भौगोलिक प्रदेश है। यह विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रेणी है। अरावली पर्वत राजस्थान के सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, अजमेर, जयपुर, दौसा एवं अलवर तक विस्तृत है।

617. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है-

	अभयारण्य		स्थिति (जिला)
(a)	कैला देवी	-	करौली
(b)	ताल छापर	-	चूर (शेखावटी)
(c)	रामसागर वन बिहार	-	धौलपुर
(d)	टॉडगढ़ रावली	-	भीलवाड़ा

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) सही सुमेलित है–

अभ्यारण्य	–	जिला/स्थिति
कैला देवी	–	करौली
ताल छापर	–	चुरु (शेखावाटी)
रामसागर वन बिहार	–	धौलपुर
टॉडगढ़ रावली	–	अजमेर, पाली, राजसमंद में विस्तृत

618. निम्नांकित को सुमेलित कीजिये–

A. वन्य जीव विहार 1. सरिस्का
B. केवलादेव उद्यान 2. जैसलमेर
C. मरू राष्ट्रीय उद्यान 3. भरतपुर
D. टाइगर रिजर्व 4. जयसमन्द

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	1	2	3	4	(b)	4	3	2	1
(c)	3	1	2	4	(d)	1	4	2	3

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1996